CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 97 □ रायपुर, शुक्रवार 2 मई 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर गरजे लड़ाकू विमान, राफेल-जगुआर ने भरी उड़ान



**शाहजहांपुर में वायुसेना का युद्धाभ्यास**

**पाकिस्तान की धड़कन बढ़ी**

**नई दिल्ली,** 2 मई (न्यूज चैनल)। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को वायुसेना शक्ति प्रदर्शन कर रही है। शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनाई गई हवाई पट्टी पर दोपहर करीब 12 बजकर 41 मिनट पर वायुसेना का,ह-32 विमान आया। विमान ने करीब पांच मिनट तक चक्कर लगाए। इसके बाद हवाई पट्टी पर लैंडिंग की गई।करीब एक बजे यह विमान यहां से टेकऑफ कर गया।

हवाई पट्टी पर हरक्यूलिस विमान ने टच डाउन किया। इसके बाद राफेल, जगुआर और सुखोई जैसे लड़ाकू विमान भी गरजे। इन विमानों ने हवा में कलाबाजियां कीं। यह देखकर वहां मौजूद लोग रोमांचित हो गए। रात में भी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतरेंगे। ऐसा पहली बार होगा, जब किसी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग भी होगी। इस दौरान कटरा-जलालाबाद हाईवे तीन घंटे तक पूरी तरह से बंद रहेगा।

वायुसेना के एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है, जहां लड़ाकू विमान दिन व रात दोनों समय में लैंडिंग कर सकेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर करीब 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।एयर शो को देखते हुए वायुसेना ने हवाई पट्टी को पहले ही अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया था। विमान लैंडिंग का आयोजन दिन और रात दोनों समय में इसलिए किया जाएगा, ताकि एयर स्ट्रिप की नाइट लैंडिंग कैपेबिलिटी का भी टेस्ट किया जा सके।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत



**बिलासपुर/अंबिकापुर,** 2 मई (हाईवे चैनल)। सरगुजा जिले में सीतापुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर दर्दनाक हादसा हुआ है। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

हादसा सीतापुर थाना क्षेत्र का है। दरअसल तीन महीने के मासूम की तबियत बिगड़ने से माता-पिता परेशान थे। वे मासूम बच्चे का इलाज कराने के लिए ग्राम दमगड़ा से निकले थे। इसी बीच सीतापुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग ह॥43 में बिशुनपुर के पास तेज रफ्तार कार (क्रमांक ष्टत्र 15 श्वष्ट 0892) ने बाइक सवारों को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में मासूम समेत तीन लोगों की मौत हो गई। बाइक को ठोकर मारते हुए कार सड़क किनारे बाउंड्री वॉल से जा टकराई कार। इस हादसे में चालक को भी चोटें आई है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### केदारनाथ धाम के कपाट खुले, मुख्यमंत्री धामी भी हुए शामिल



**नई दिल्ली,** 2 मई (न्यूज चैनल)। भारतीय मौसम विभाग ने गुरुवार को उत्तराखंड के कई इलाकों में चारधाम यात्रा के दौरान ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं की चेतावनी भी दी है। इसी बीच सर्दियों में छह माह बंद रहने के बाद शुक्रवार सुबह केदारनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए फिर खोल दिए गए। रुद्रप्रयाग जिले में ग्यारह हजार फुट से अधिक की उंचाई पर स्थित ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग के कपाट खुलने के मौके पर मंदिर प्रांगण में हजारों श्रद्धालुओं के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। ठंड के बावजूद अपार उत्साह से भरे श्रद्धालु 'बम-बम भोले' और 'जय बाबा केदार' के जयकारे लगा रहे थे।

### आतंकी हाफिज सईद आर्मी जवान, सीसीटीवी से सर्विलांस, आईएसआई की 4-लेयर सिक्योरिटी में

**नई दिल्ली,** 2 मई (न्यूज चैनल)। हाफ़िज़ सईद पाकिस्तान सरकार की तथाकथित हिरासत में है, जहाँ उसे कई आतंकी मामलों में 46 साल की सज़ा सुनाई गई है। हालाँकि, पिछले तीन सालों में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक ने दो दर्जन बार सार्वजनिक रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कथित तौर पर हाफ़िज़ सईद की सुरक्षा बढ़ा दी है। कथित तौर पर, पाकिस्तान ने सईद की सुरक्षा के लिए एसएसजी के पूर्व कमांडो को नियुक्त किया है। उन्होंने उसके आवास पर अतिरिक्त लोगों को भी तैनात किया है। सईद को जानबूझकर घनी आबादी वाले इलाके में रखा गया है जहाँ एक मस्जिद और नागरिक आबादी है। 77 वर्षीय हाफ़िज़ सईद को पहलगाम हत्याकांड के अलावा 2008 के मुंबई हमलों के लिए अमेरिका और भारत द्वारा वांछित माना जाता है। ।

### मछली पकड़ने गया मछुआरा लापता

**बालोद,** 2 मई (हाईवे चैनल)। तांदुला डेम में मछली पकड़ने गया मछुआरा तेज आंधी-तूफान के बीच लापता हो गया। घटना शुक्रवार शाम की है, जब 48 वर्षीय सोमन निसाद मछली पकड़ते वक्त अचानक गायब हो गया। लापता सोमन निसाद बोरिद गांव का निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, सोमन रोज की तरह मछली पकड़ने डेम में गया था।




चूहा- सुनती हो, गृह मंत्री अमित शाह कह रहे हैं आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा।

चुहिया- हां जी, लेकिन पहलगाम के एक भी हमलावर तो अभी तक पकड़े नहीं गए...!

## राजधानी में हिट एण्ड रन, तीन लोगों को ठोकर मारकर कार चालक हुआ फरार, महिला की मौत



**रायपुर,** 2 मई (हाईवे चैनल)। रिश्तेदार के घर आई प्रिया साहू को क्या मालूम था कि आज वह अंतिम बार मॉर्निंग वॉक पर निकलेगी. अज्ञात कार चालक ने प्रिया के साथ उसकी रिश्तेदार रिया साहू और एक अन्य ललिता बंजारे को सुबह-सुबह ठोकर मारकर फरार हो गया. हादसे में प्रिया की मौत हो गई, वहीं रिया और ललिता बंजारे गंभीर हालत में मेकाहारा में भर्ती हैं।

जानकारी के अनुसार, मुंगेली की रहने वाली प्रिया साहू सिंधी कालोनी निवासी रिया के घर आई थी. आज सुबह प्रिया और रिया के साथ ललिता बंजारे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे. इस दौरान अज्ञात कार चालक ने तीनों को चपेट में ले लिया. सीसीटीवी फुटेब में नजर आ रहा है कि कार की ठोकर से प्रिया कई फीट ऊछल कर सीधे सिर के बल सड़क पर जा गिरी, वहीं रिया और ललिता भी गंभीर रूप से घायल हो गईं. प्रिया की हादसे में जहां मौत हो गई, वहीं रिया और ललिता को गंभीर हालत में उपचार के लिए मेकाहारा में भर्ती कराया गया है। राजधानी में हिट एण्ड रन के मामलों में लगातार इजाफा होता जा रहा है. करीबन महीने भर पहले पुरानी बस्ती थाने के सामने पैदल चल रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी थी. इस घटना में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं आरोपी कार चालक दुर्घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था. इसके एक महीना पहले 5 फरवरी को रायपुर के वीआईपी रोड पर आधी रात को नशे में धुत कार चालक ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को टक्कर मारी थी. हादसे में गंभीर रूप से घायल तीनों युवकों को मेकाहारा में भर्ती कराया गया था, जिनमें से एक की उपचार के दौरान मौत हो गई थी. कार

## पीएम मोदी की केरल को 8900 करोड़ की सौगात विझिनजाम बंदरगाह देश को किया समर्पित



**नई दिल्ली,** 2 मई (न्यूज चैनल)। केरल की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 8,900 करोड़ रुपये की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने हजारों करोड़ की लागत से निर्मित विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन भी मौजूद रहे। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड की ओर से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है।

पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां दुनिया के बड़े मालवाहक जहाज आसानी से आ सकेंगे। अभी तक भारत का 75 प्रतिशत ट्रांसशिपमेंट देश के बाहर के पोर्ट्स पर होता था, इससे बहुत बड़ा नुकसान होता आया है। ये परिस्थिति अब बदलने जा रही है। अब देश का पैसा देश के काम आएगा। जो पैसा बाहर जाता था, अब वो केरल और विझिनजम के लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। इससे पहले उन्होंने कहा कि आज भगवान आदि शंकराचार्य की जयंती है। तीन वर्ष पूर्व सितंबर में मुझे उनके जन्मभूमि क्षेत्र में जाने का सौभाग्य मिला था। केरल से निकलकर देश के अलग-अलग कोनों में मठों की स्थापना करके आदि शंकराचार्य जी ने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया। इस पुनीत अवसर पर मैं उन्हें नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि गुलामी से पहले हमारे भारत ने हजारों वर्ष की समृद्धि देखी है। एक समय वैश्विक जीडीपी में मेजर शेयर भारत का हुआ करता था। उस दौर में हमें जो चीज दूसरे देशों से अलग बनाती थी, वो थी समुद्री क्षमता, हमारी पोर्ट सिटी की आर्थिक गतिविधि। केरल का इसमें बड़ा योगदान था।

## एसीबी का बड़ा एक्शन, सूरजपुर में पटवारी 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



**रायपुर,** 2 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सूरजपुर जिले के डुमरिया गांव में पदस्थ पटवारी भानु सोनी को 20,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। पटवारी पर जमीन की चौहद्दी व नामांतरण की प्रक्रिया में घूस मांगने का आरोप है। शिकायत की पुष्टि होते ही एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ा।

इधर, सरगुजा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उदयपुर में भी एसीबी ने छापा मारकर 10,000 की रिश्वत लेते हुए लेखापाल के.पी. पांडेय और एक बाबू को गिरफ्तार किया है। दोनों पर अस्पताल स्टाफ से टीए बिल पास करने के बदले घूस मांगने का आरोप है। अस्पताल कर्मियों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसीबी ने दोनों मामलों में कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से साफ है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी

## अलग-अलग घटनाओं में 2 युवकों की बेरहमी से हत्या

**रायपुर,** 2 मई (हाईवे चैनल)। गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात आंधी-तूफान के बीच प्रदेश में दो अलग-अलग जगहों पर युवकों की बेरहमी से साथ हत्या को अंजाम दिया गया. राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र में एक विकलांग युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई. वहीं दूसरी ओर कोरबा में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक की हत्या कर दी गई.

राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अछोली गांव में आज शुक्रवार सुबह एक युवक की लहूलुहान हालत में युवक की लाश मिली. मृतक की पहचान 28 वर्षीय भीम नेताम के रूप में हुई है. एक पैर से दिव्यांग युवक गांव के एक किराना दुकान में काम करता था. भीम नेताम का शव गांव के शासकीय स्कूल परिसर में मिला है, जहां बीती रात एक शादी समारोह का आयोजन किया गया था. ग्रामीणों ने बताया कि शादी समारोह में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, लेकिन रातभर किसी ने भी स्कूल परिसर में पड़े शव की ओर ध्यान नहीं दिया. शुक्रवार सुबह जब गांव के एक व्यक्ति की नजर शव पर पड़ी, तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डोंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया. प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर पर चाकू से गोदने के कई निशान मिले हैं, वहीं मौके को देखने से स्पष्ट हो रहा है कि युवक की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और बाद में शव को स्कूल परिसर में लाकर फेंका गया. पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए सभी संभावित पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है. मौके पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया, जो साक्ष्यों की गहन जांच में जुटे हैं. डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि गांव के कई लोगों से पूछताछ की जा रही है।

इधर कोरबा के श्यांग थाना क्षेत्र में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक को पीट-पीटकर मौत के घाट उतारने की घटना सामने आई है. मामले में पुलिस ने चंद घंटों में आरोपी युवक धोबी राम मंझवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

## अपोलो अस्पताल के फर्जी डॉक्टर को मध्यप्रदेश से लेकर पहुंची पुलिस, कोर्ट में किया जाएगा पेश



**बिलासपुर,** 2 मई (हाईवे चैनल)। अपोलो अस्पताल में फर्जी तरीके से डॉक्टर बनकर काम कर रहे डॉक्टर नरेंद्र जॉन केम को बिलासपुर पुलिस गिरफ्तार कर बिलासपुर पहुंच गई है. पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. राजेंद्र शुक्ल सहित अन्य मरीजों की इलाज के दौरान मौत के मामले में उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा. इसके अलावा फर्जी डॉ. को अपोलो अस्पताल ले जाया जाएगा और मृतकों के परिजनों से पहचान परेड कराई जाएगी. एसएसपी रजनेश सिंह ने डॉक्टर नरेंद्र जॉन की गिरफ्तारी की पुष्टि की है.

बता दें, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. राजेंद्र शुक्ल की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने सरकंडा थाना में आरोपी डॉ. नरेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी. इसके बाद एक व्यापारी ने भी आरोपी डॉ. के खिलाफ आरोप लगाया था कि उसके पिता को पेट दर्द के इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन डॉ. नरेंद्र ने उसके पिता के दिल का ऑपरेशन कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई. मामले की जांच में पुलिस ने पाया कि आरोपी डॉ. की योग्यता और

## ऐतिहासिक अन्यायों को सुधारने का साहस और संकल्प है मोदी में : जितेंद्र सिंह




**वक्फ विधेयक पर रायपुर में बोले केन्द्रीय मंत्री**

**रायपुर,** 2 मई (हाईवे चैनल)। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन विभाग के राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साहस और संकल्प शक्ति की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पहले की सरकारों द्वारा किए गए ऐतिहासिक अन्यायों को सुधारने का कार्य किया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 की समाप्ति, ट्रिपल तलाक का उन्मूलन और अब वक्फ से संबंधित कानूनों में सुधार को इसके उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया।

रायपुर के खचाखच भरे सभागार में बोलते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक ऐसी राजनीतिक संस्कृति की शुरुआत की है जो धर्म से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों के लिए न्याय को प्राथमिकता देती है। कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने मुस्लिम समुदाय का उपयोग केवल वोट बैंक के रूप में किया, समाज में विभाजनकारी सोच को बढ़ावा दिया और तुष्टीकरण की राजनीति को संस्थागत रूप दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने इसके विपरीत मुस्लिम समुदाय को गरिमा, अधिकार और विकास देकर उनके साथ हुए अन्याय को दूर करने का प्रयास किया है। दशकों तक शासन करने वालों ने कभी यह जवाब नहीं दिया कि आज भी 31त्न भारतीय मुस्लिम गरीबी रेखा के नीचे क्यों जीवन व्यतीत कर रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व का उद्देश्य इसी असंतुलन को ठीक करना है। वक्फ संपत्तियों और उनसे जुड़ी विवादास्पद परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के दौरान वक्फ की जमीनों की बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई, जिसे नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा, वक्फ की जमीन गरीबों के कल्याण के लिए थी, लेकिन आज उस पर फाइव-स्टार होटल और मॉल खड़े हैं। इसका लाभ किसे मिला? आम मुस्लिम को तो नहीं। पूर्व सरकार ने धार्मिक प्रावधानों की आड़ में ज़मीन हड़पने को कानूनी जामा पहनाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा संशोधित वक्फ कानून पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय को सुनिश्चित करने के लिए लाए गए हैं। यह कानून यह सुनिश्चित करता है कि अब वक्फ के तहत दावा की गई किसी भी भूमि को सार्वजनिक रूप से अधिसूचित किया जाएगा और रजिस्ट्रेशन से पहले यदि कोई आपत्ति हो, तो उसे सुना जाएगा। जब तक किसी के पास छिपाने को कुछ न हो, तब तक इससे किसी को क्या समस्या हो सकती है? उन्होंने सवाल उठाया।

सुधारों पर सवाल उठाने वालों की आलोचना करते हुए डॉ. सिंह ने कहा, यह वही मानसिकता है जिसने ट्रिपल तलाक कानून का विरोध किया था। जब म ु स्लिम महिलाओं को उनका अधिकार दिया जा रहा है, तो उसे लेकर आपत्ति क्यों? यह सरकार सभी समुदायों की महिलाओं को समान अधिकार दे रही है—तो मुस्लिम महिलाओं को क्यों नहीं? डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि वक्फ एक धर्मार्थ दान की अवधारणा थी, जिसका उद्देश्य वंचितों की सेवा करना था, और इससे भटकना इसके संस्थापकों की भावना के साथ विश्वासघात है। आप गरीबों के लिए निर्धारित जमीन से मुनाफा कमाकर खुद को धार्मिक नहीं कह सकते, उन्होंने कहा। प्रस्तावित वक्फ बोर्ड में संरचनात्मक बदलावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब इसमें महिलाओं, कानूनी विशेषज्ञों और सांसदों का प्रतिनिधित्व अनिवार्य कर दिया गया है। यह लोकतंत्र की सच्ची भावना है। अगर फिर भी किसी को इससे आपत्ति है, तो शायद समस्या उसके भीतर ही है। अंत में उन्होंने कहा कि निहित स्वार्थों द्वारा फैलाए जा रहे झूठे नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए जन-जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में यदि हम गलत सूचनाओं के सामने चुप रहते हैं, तो वह भी एक प्रकार की सहभागिता होती है। सच्चाई के प्रति हमारी जिम्मेदारी है कि हम उसे बोलें।

CMYK